कार्यालयः महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्याः 2फ/वाक इन इण्टरव्यू/2023–24/1194 लखनऊ : दिनांक 29/8/2023

–: कार्यालय ज्ञाप :–

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में साक्षात्कार (Walk In Interview) के माध्यम से अनुबन्ध के आधार पर चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–1858/सेक–1–पांच–17–7(67)/2017, दिनांक 22.06.2017 में अंकित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन ऑनलाइन https://walkin.tsuprogram.com पोर्टल पर आवेदन प्राप्त करने हेतु दिनांक 10.08.2023 से 25.08.2023 के मध्य आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें महानिदेशालय द्वारा चिकित्सकों की संविदा पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार (वॉक इन इण्टरव्यू) दिनांक 08.09.2023 से दिनांक 18.09.2023 तक सम्पन्न कराया जाना है।

संलग्न सूची में उल्लिखित दिनांको एवं समय के अनुसार विशेषज्ञ/एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक (विशेषज्ञ–767, एम0बी0बी0एस0–3422 कुल–4189) साक्षात्कार में प्रतिभाग करेंगे। साक्षात्कार हेतु समस्त चिकित्सक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, इन्दिरा नगर, लखनऊ के प्रशासनिक ब्लॉक में उक्त सूचियों में उल्लिखित समय से 1 घण्टा पूर्व उपस्थित हो कर सभी प्रपत्रों की मूल प्रति (एक प्रमाणित प्रति सहित), स्वस्थ्यता प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र (ओ0बी0सी0 हेतु अधिकतम 03 वर्ष से पुराना न हो अन्य आरक्षित जातियों हेतु जारी किये जाने वाले समय का कोई प्रतिबंध नहीं है।), ई0डब्ल्यू0एस0 सर्टिफिकेट **(अद्यतन)** एवं शपथ प्रमाण–पत्र के साथ साक्षात्कार में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेगें, अन्यथा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

29/8/23

(डा0 राजागणपति आर0)
आई0ए0एस0
निदेशक(प्रशासन)

पत्र संख्याः 2फ/ वाक इन इण्टरव्यू/2023–24/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा अनुभाग–2
2. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, चतुर्थ तल रतन, स्क्वायर, लखनऊ।
3. निदेशक (चिकित्सा उपचार), स्वास्थ्य भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त कार्यालय ज्ञाप को वेबसाइड पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. स्टाफ आफिसर, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(डा0 राजागणपति आर0)
आई0ए0एस0
निदेशक(प्रशासन)